**आयोजन** | द फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री उत्तर प्रदेश ने जापान के राजदूत हिरोशी सुजुकी के साथ बातचीत का सत्र आयोजित किया

# उत्तर प्रदेश में काम करने के लिए जापान उत्सुक: हिरोशी

लखनऊ, संवाददाता। द फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) उत्तर प्रदेश ने शुक्रवार को जापान के राजदूत हिरोशी सुजुकी के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया। इसका उद्देश्य भारत और जापान के बीच कौशल विकास, ऊर्जा, कृषि खाद्य प्रसंस्करण, शिक्षा और संबद्ध क्षेत्रों के औद्योगिक विकास के लिए द्विपक्षीय अवसर तलाशना और प्रोत्साहित करना था।

होटल क्लार्क अवध में जापान के राजदूत हिरोशी सुजुकी ने कहा कि स्वस्थ व्यापार और विकास के

- राजदूत ने कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में राज्य की क्षमता में जबरदस्त वृद्धि
- सत्र का उद्देश्य भारत और जापान में कौशल विकास समेत अवसर तलाशना

माहौल के लिए देश का राजनीतिक समर्थन जरूरी होता है। सीएम योगी के नेतृत्व में राज्य की क्षमता में जबरदस्त वृद्धि हुई है। यूपी में जापान काम करने और राज्य की प्रगति में सहयोग करने के लिए उत्साहित है।




फिक्की उत्तर प्रदेश ने शुक्रवार को जापान के राजदूत हिरोशी सुजुकी के साथ एक बातचीत सत्र का आयोजन किया।

## किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में काम

अपर मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसानों की आय दोगुनी करने के विजन पर काम करते हुए हम उच्चतर क्षेत्रीय विकास का लक्ष्य रखते हैं। हमें फसल की कटाई के बाद काम आने वाले बुनियादी ढांचे में अपनी क्षमताएं विकसित करनी होंगी, जो वास्तविक गेम चेंजर है और कृषि उत्पादों के मूल्य वृद्धि करता है। उप्र. में जापानी निवेश राज्य की कृषि क्षेत्र में क्षमता को एक मजबूत बढ़ावा देगा।

## जापानी तकनीक से करेंगे बदलाव

फिक्की स्टेट काउंसिल के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि जापान और भारत द्विपक्षीय संबंधों के मामले में एक लंबा सफर तय कर चुके हैं जो आज एक सार्थक मंच में परिवर्तित हो चुका है। हम दोनों देशों के लिए अपार संभावनाओं पर चर्चा कर रहे हैं। प्रदेश ने कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में अपनी क्षमता विकसित की है। जापानी तकनीक वाली उच्च दक्षता के साथ इस क्षेत्र को बदलने और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों तक पहुंचने की अपार क्षमता है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि राज्य में सबसे बड़ा उपभोक्ता आधार अपराध के लिए जीरो टॉलरेंस है।